Ekayanaa SCHOOL
Think. Learn. Excel.

हिन्दी दिवस

कक्षा : छठी से बारहवीं

दिनांक : 14.09.2023, गुरूवार (सत्र 2023–24)

दिनांक 14 सितम्बर 2023 को विद्यालय में हिन्दी दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम शिक्षक–शिक्षिकाओं की देखरेख में विद्यालयीन छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हिन्दी भाषा का प्रादुर्भाव एवं दैदीप्यमान हिन्दी भाषा के महत्व का अनावरण किया गया, तत्पश्चात छात्र–छात्राओं ने भाषण, हिन्दी मुहावरों से ओतप्रोत नाटिका, नृत्य, गायन एवं कविताएँ प्रस्तुत की। इस अवसर पर उन्होंने राजभाषा हिन्दी को राष्ट्रीय एकता की सूत्र–भाषा कहा। विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने हिन्दी के प्रसिद्ध कवियों एवं लेखकों की भूमिका में स्वयं को प्रस्तुत कर उनकी रचनाओं के काव्य पाठ द्वारा सभी को मंत्रमुग्ध किया।